# अनुदान संख्या 60 - श्रम और रोजगार मंत्रालय
# GRANT No. 60–MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT

| | | | | कुल अनुदान या विनियोग Total grant or appropriation | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | (हजार रुपयों में) (In thousands of rupees) |
| राजस्व: | **Revenue:** | | | | | |
| *प्रभारित-* | *Charged–* | | | *2,00* | . . | *–2,00* |
| *वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि* | *Amount surrendered during the year* | | | | | *शून्य Nil* |
| स्वीकृत- | Voted– | | | | | |
| मूल | Original | 2702,64,00 | | 2702,67,00 | 2517,41,28 | –185,25,72 |
| पूरक | Supplementary | 3,00 | | | | |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | | | 82,48,08 |
| पूंजीगत: | **Capital:** | | | | | |
| स्वीकृत- | Voted– | | | 760,23,00 | 758,32,75 | –1,90,25 |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | | | 7,00 |

***टीका और टिप्पणियां***

1. अनुदान के राजस्व भाग के *प्रभारित* अंश में, *2.00 लाख रु.* का *विनियोग* मुख्य शीर्ष "2230" - "श्रम तथा रोजगार" के अंतर्गत एक मामले में पूर्णतया अप्रयुक्त रहा।

2. अनुदान के राजस्व भाग के स्वीकृत अंश में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत हुईं/हुआ:-

***Notes and comments***

1. In the *charged* portion of the revenue section of the grant, *appropriation* of *Rs.2.00 lakhs* remained wholly unutilised in one case under Major Head "2230" – "Labour and Employment".

2. In the voted portion of the revenue section of the grant, savings/excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2251" | Major Head "2251" | | | | |
| सचिवालय - सामाजिक सेवाएं | Secretariat - Social Services | | | | |
| मू. | O. | 3500.00 | 3081.75 | 2809.63 | –272.12 |
| पु. | R. | – 418.25 | | | |

| शीर्ष | Head | | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | (लाख रुपयों में) (In lakhs of rupees) |
| मुख्य शीर्ष ''2225'' अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण | Major Head "2225" Welfare of Scheduled Castes/ Scheduled Tribes and Other Backward Classes | | | | | |
| मू. | O. | 832.00 | | 773.23 | 678.80 | –94.43 |
| पु. | R. | –58.77 | | | | |
| मुख्य शीर्ष ''2230'' श्रम तथा रोजगार | Major Head "2230" Labour and Employment | | | | | |
| मू. | O. | 234586.00 | | 237251.69 | 227471.34 | –9780.35 |
| पू. | S. | 3.00 | | | | |
| पु. | R. | 2662.69 | | | | |
| मुख्य शीर्ष ''2552'' उत्तर पूर्वी क्षेत्र | Major Head "2552" North Eastern Areas | | | | | |
| मू. | O. | 8900.00 | | . . | . . | . . |
| पु. | R. | –8900.00 | | | | |
| मुख्य शीर्ष ''3601'' राज्य सरकारों को सहायता अनुदान | Major Head "3601" Grants-in-aid to State Governments | | | | | |
| मू. | O. | 22291.00 | | 20789.25 | 20659.30 | –129.95 |
| पु. | R. | –1501.75 | | | | |

(I) 8953.20 लाख रु. का प्रावधान सोलह शीर्षों के अंतर्गत पूर्णतया अप्रयुक्त रहा; जिसमें से 8505.00 लाख रु. मुख्य शीर्ष ''2552'' के अंतर्गत निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत लेखाबद्ध किए गए:-

(का) ''श्रम - अनुसंधान और सांख्यिकी - अनुसंधान और सांख्यिकी के अंतर्गत योजना स्कीमें'' - 130.00 लाख रु.;

(I) Provision of Rs.8953.20 lakhs remained wholly unutilised under sixteen heads; of these Rs.8505.00 lakhs accounted for under Major Head "2552" – under the following heads:-

(A) "Labour – Research and Statistics – Plan Schemes under Research and Statistics" – Rs.130.00 lakhs;

(खा) ''श्रम - बाल/महिला श्रमिक की कार्य स्थितियों में सुधार - बाल श्रमिक प्रकोष्ठ'' - 1000.00 लाख रु.;

(गा) ''श्रम - शिक्षा - केंद्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड को अनुदान'' - 180.00 लाख रु.;

(घा) ''प्रशिक्षण - शिल्पकारों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण - अन्य स्कीमें'' - 2995.00 लाख रु.; और

(ङ) ''श्रम - श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा - असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना/स्वास्थ्य बीमा'' - 4200.00 लाख रु.।

उपर्युक्त पांच शीर्षों के अंतर्गत प्रावधान पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ से संबंधित परियोजनाओं/स्कीमों पर उपयोग के लिए आंशिक निधियों/निधियों का पुनर्विनियोग कार्यात्मक शीर्षों को किए जाने और शेष राशि अभ्यर्पित किए जाने के कारण अप्रयुक्त रहा।

(II) मुख्य शीर्ष ''2251'' - ''सचिवालय - श्रम मंत्रालय'' के अंतर्गत 690.37 लाख रु. की बचत (3500.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों का आयोजन न किए जाने, छुट्टी यात्रा रियायत दावे कम संख्या में प्राप्त होने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(III) मुख्य शीर्ष ''2225'' - ''सामान्य - निदेशन और प्रशासन - पूर्व व्यवसायिक प्रशिक्षण'' के अंतर्गत 145.42 लाख रु. की बचत (807.18 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, छुटटी यात्रा रियायत दावे कम संख्या में प्राप्त होने, कम दौरे किए जाने और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अनुमानों का विलंब से प्राप्त होने और प्रशिक्षण के लिए योग्य उम्मीदवार कम संख्या में पाए जाने के कारण हुई।

(IV) मुख्य शीर्ष ''2230'' के अंतर्गत बचतें निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत हुई:-

(B) "Labour – Improvement in Working Condition of Child/Women Labour – Child Labour Cell" – Rs.1000.00 lakhs;

(C) "Labour – Education – Grants to Central Board for Worker's Education" – Rs.180.00 lakhs;

(D) "Training – Training of Craftsmen and Supervisors – Other Schemes" – Rs.2995.00 lakhs; and

(E) "Labour – Social Security for Labour – Rashtriya Swasthya Bima Yojana/Health Insurance for Unorganised Sector Workers" – Rs.4200.00 lakhs.

Provisions under the above five heads remained unutilised due to re-appropriation of part funds/funds to functional heads for utilisation on projects/schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim and surrender of the balance amount.

(II) Under Major Head "2251" – "Secretariat – Ministry of Labour" – saving of Rs.690.37 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.3500.00 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, non-holding of Prime Minister's Shram Awards, receipt of less number of leave travel concession claims and economy measures.

(III) Under Major Head "2225" – "General – Direction and Administration - Pre–Vocational Training" – saving of Rs.145.42 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.807.18 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, receipt of less number of leave travel concession claims, legal/professional bills, less tours, late receipt of estimates from Central Public Works Department and less number of applicants found eligible for training.

(IV) Under Major Head "2230" – savings occurred under the following heads:-

(का) "श्रम'' -

(क) "अनुसंधान और सांख्यिकी - श्रम ब्यूरो'' - 137.47 लाख रु. की बचत (1090.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, छुट्टी यात्रा रियायत के दावे कम प्राप्त होने, बैठकों/सम्मेलनों का कम संख्या में आयोजन किए जाने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(ख) "औद्योगिक संबंध'' -

(i) "अन्य मदें'' - 140.42 लाख रु. की बचत (562.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, पेशेवरों की सेवाएं कम संख्या में किराए पर लिए जाने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(ii) "मुख्य श्रम आयुक्त (मध्य) और क्षेत्रीय श्रम आयुक्त'' - 425.77 लाख रु. की बचत (3976.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, दैनिक मजदूरों को काम पर न रखे जाने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(ख) "कार्य परिस्थितियां और बचाव - कारखाना परामर्श सेवा महानिदेशालय की योजना स्कीमें'' - 191.40 लाख रु. की बचत (879.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) शहरी विकास मंत्रालय को विभिन्न लघु निर्माण कार्यों और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को विज्ञापन और प्रचार के लिए अंतरित राशि का कम उपयोग किए जाने के कारण हुई।

(घ) "चूना पत्थर और डोलोमाइट खान श्रमिक कल्याण निधि - आवास'' - 140.60 लाख रु. की बचत (219.87 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अपने आवास का स्वनिर्माण योजना के अंतर्गत कम संख्या में आवेदन प्राप्त होने और कम लागत वाली आवास स्कीम के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा कम अनुमोदन जारी किए जाने के कारण हुई।

(A) "Labour" –

(a) "Research and Statistics – Labour Bureau" – saving of Rs.137.47 lakhs (against the sanctioned provision Rs.1090.00 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, receipt of less leave travel concession claims, holding of less number of meetings/conferences and economy measures.

(b) "Industrial Relations" –

(i) "Other Items" – saving of Rs.140.42 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.562.00 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, hiring of less number of professionals and economy measures.

(ii) "Chief Labour Commissioner (Central) and Regional Labour Commissioners" – saving of Rs.425.77 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.3976.00 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, non-engagement of daily wagers and economy measures.

(c) "Working Conditions and Safety – Plan Schemes of Directorate General of Factory Advice Services (DGFASLI)" – saving of Rs.191.40 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.879.00 lakhs) was due to less utilisation of amount transferred to Ministry of Urban Development for various minor works and Ministry of Information and Broadcasting for advertising and publicity.

(d) "Limestone and Dolomite Mines Labour Welfare Fund – Housing" – saving of Rs.140.60 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.219.87 lakhs) was due to receipt of less number of applications under Build Your Own Housing scheme and issue of fewer sanctions by the Ministry under Low Cost Housing scheme.

(ङ) ''बीड़ी कामगार कल्याण निधि'' -

(i) ''स्वास्थ्य'' - 325.83 लाख रु. की बचत (6736.93 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने और चिकित्सा दावे कम प्राप्त होने के कारण हुई।

(ii) ''संशोधित एकीकृत आवास स्कीम, 2005'' - 145.86 लाख रु. की बचत (6097.84 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(च) ''श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा - असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा स्कीम'' - 4348.93 लाख रु. की बचत (30800.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अप्रैल और मई, 2009 में आम चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने के कारण आचार संहिता लगाए जाने के परिणमस्वरूप कम संख्या में भर्ती होने के कारण हुई।

(छ) ''आरक्षित निधि/जमा लेखों को अंतरण'' -

(i) ''बीड़ी कामगार कल्याण निधि को अंतरण'' - 4779.33 लाख रु. की बचत (21400.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई;

(ii) ''लौह, मैंगनीज, क्रोम अयस्क निधि को अंतरण'' - 1427.94 लाख रु. की बचत (2500.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई;

(iii) ''चूना पत्थर और डोलोमाइट खान निधि को अंतरण'' - 1890.60 लाख रु. की बचत (2500.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई; और

(iv) ''सिनेमा कामगार श्रमिक कल्याण निधि को अंतरण'' - 120.60 लाख रु. की बचत (250.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई।

(e) "Beedi Workers Welfare Fund" –

(i) "Health" – saving of Rs.325.83 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6736.93 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts and receipt of less medical claims.

(ii) "Revised Integrated Housing Scheme, 2005" – saving of Rs.145.86 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6097.84 lakhs) was due to economy measures.

(f) "Social Security for Labour – Social Security for Unorganised sector workers Scheme" – saving of Rs.4348.93 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.30800.00 lakhs) was due to enforcement of model code of conduct on account of general election in April and May, 2009 and assembly elections in some States resulting in decrease of enrolment.

(g) "Transfer to Reserve Fund/Deposit Accounts" –

(i) "Transfer to Beedi Workers Welfare Fund" – saving of Rs.4779.33 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.21400.00 lakhs);

(ii) "Transfer to Iron, Manganese, Chrome Ore Fund" – saving of Rs.1427.94 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2500.00 lakhs);

(iii) "Transfer to Limestone and Dolomite Mines Fund" – saving of Rs.1890.60 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2500.00 lakhs); and

(iv) "Transfer to Cine Workers Welfare Fund" – saving of Rs.120.60 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.250.00 lakhs).

बचतें उपर्युक्त चार शीर्षों के अंतर्गत उपकर का कम संग्रहण किए जाने के कारण हुईं।

(खा) ''रोजगार'' -

(क) ''निदेशन और प्रशासन - रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशक'' - 317.29 लाख रु. की बचत (2036.92 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, छुट्टी यात्रा रियायत संबंधी दावे कम संख्या में प्राप्त होने, आधिकारिक विदेश दौरे कम संख्या में किए जाने, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अनुमान विलंब से प्राप्त होने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(ख) ''अनुसंधान, सर्वेक्षण और सांख्यिकी - शारीरिक रूप से विकलांगों को सहायता'' - 253.67 लाख रु. की बचत (2044.94 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) बैठक/सम्मेलन कम संख्या में होने, राज्य सरकारों/नगर निगमों के साथ दावों का निपटान न किए जाने, विज्ञापनों की संख्या कम होने, विधायी/व्यवसायिक बिलों के कम संख्या में प्राप्त होने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(गा) ''प्रशिक्षण'' -

(क) ''शिल्पकारों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण'' -

(i) ''शिल्प अनुदेशकों का प्रशिक्षण'' - 259.49 लाख रु. की बचत (2879.85 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, छुट्टी यात्रा रियायत दावे, चिकित्सा दावे, विधायी/व्यवसायिक बिल कम संख्या में प्राप्त होने, स्टाफ को कम संख्या में बाह्य स्रोतों से लिए जाने और स्टाफ को बाह्य स्रोत से लिए जाने की प्रक्रिया विलंब से शुरू किए जाने, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अनुमान विलंब से प्राप्त होने और अध्ययन करने के लिए अभिकरणों/पेशेवरों को कम संख्या में किराए पर लिए जाने के कारण हुई।

Savings under the above four heads were due to less collection of cess.

(B) "Employment" –

(a) "Direction and Administration – Directorate General of Employment and Training" – saving of Rs.317.29 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2036.92 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, receipt of less number of leave travel concession claims, less number of official foreign tours, late receipt of estimates from Central Public Works Department and economy measures.

(b) "Research, Surveys and Statistics – Assistance to Physically Handicapped"– saving of Rs.253.67 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2044.94 lakhs) was due to holding of less number of meetings/ conferences/non-settlement of claims with State Governments/Municipal Corporations, less number of advertisements, receipt of less number of legal/professional bills and economy measures.

(C) "Training" –

(a) "Training of Craftsmen and Supervisors" –

(i) "Training of Crafts Instructors" – saving of Rs.259.49 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2879.85 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, receipt of less number of leave travel concession claims, medical claims, legal/professional bills, less outsourcing of staff, late receipt of estimates from Central Public Works Department and hiring of less number of agencies/professionals to conduct studies.

(ii) ''अति कुशल शिल्पकारों ओर पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण'' - 119.35 लाख रु. की बचत (1105.24 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) कार्यालय मदों की अधिप्राप्ति के प्रस्तावों का मूर्त रूप न लेने, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अनुमान विलंब से प्राप्त होने, विधायी/व्यवसायिक बिल कम संख्या में प्राप्त होने, अभिकरणों/पेशेवरों को अध्ययन करने के लिए कम संख्या में किराए पर लिए जाने और किफायती उपाय किए जाने के कारण हुई।

(iii) ''महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम'' - 444.53 लाख रु. की बचत (3074.33 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों के न भरे जाने, छुट्‌टी यात्रा रियायत दावे कम संख्या में प्राप्त होने, सरकारी निजी भागीदारी पद्धति के अंतर्गत 12 क्षेत्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना न किए जाने और प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन करने के लिए संविदा/अतिथि सुविधाएं कम संख्या में लिए जाने के कारण हुई।

(ख) ''औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान - 1396 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का सरकारी निजी भागीदारी के माध्यम से उन्नयन'' - 560.68 लाख रु. की बचत (725.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) पदों के सृजन में विलंब होने, भारतीय औद्योगिक संस्थानों के प्रधानाचार्यों का विदेश में प्रशिक्षण और कार्यालय उपस्कर की अधिप्राप्ति संबंधी प्रस्ताव का मूर्त रूप न लेने के कारण हुई।

(ग) ''अन्य व्यय - केंद्रीय और राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली व्यावसायिक प्रशिक्षण सेवाओं के सुधार और उन्हें बेहतर बनाने संबंधी बाह्य सहायताप्राप्त परियोजना'' - 511.67 लाख रु. की बचत (2200.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) कम आधिकारिक दौरे किए जाने, प्रशिक्षण के लिए अनुदेशकों का कम नामांकन होने, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद में प्रधानाचार्य, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन न किए जाने और संघ राज्य क्षेत्रों से कम दावे प्राप्त होने के कारण हुई।

(ii) "Training of Highly Skilled Craftsmen and Supervisors" – saving of Rs.119.35 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.1105.24 lakhs) was due to non-materialisation of proposals for procurement of office items, late receipt of estimates from Central Public Works Department, receipt of less number of legal/professional bills, hiring of less number of agencies/professionals to conduct studies and economy measures.

(iii) "Vocational Training Programme for Women" – saving of Rs.444.53 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.3074.33 lakhs) was due to non-filling up of vacant posts, receipt of less number of leave travel concession claims, non-setting up of 12 Regional Vocational Training Institutes under Public Private Partnership mode and engaging of less number of contract/guest faculties to conduct training classes.

(b) "Industrial Training Institutes (I.T.I.) – Upgradation of 1396 Govt. I.T.I.s through Public Private Partnership" – saving of Rs.560.68 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.725.00 lakhs) was due to delay in creation of posts, non-materialisation of foreign training to Principals of Industrial Training Institutes and proposal for procurement of office equipment.

(c) "Other Expenditure – Externally Aided Project for Reforms & Improvement in Vocational Training services rendered by Central & State Governments" – saving of Rs.511.67 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2200.00 lakhs) was due to less number of official tours, less nominations of instructor for training, non-conduct of management training programme for Principal, ITI in IIM, Ahmadabad and receipt of less claims from Union Territories.

(V) मुख्य शीर्ष ''3601'' - ''केंद्रीय रूप से प्रायोजित योजना स्कीमों के लिए अनुदान - प्रशिक्षण अनुदान - शिल्पकारों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण - अन्य स्कीमें'' के अंतर्गत 1636.42 लाख रु. की बचत (22208.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) राज्य सरकारों से कम/अधूरे प्रस्ताव प्राप्त होने के कारण हुई।

(VI) सात शीर्षों के अंतर्गत 473.39 लाख रु. की बचत हुई जो प्रत्येक में 50.00 लाख रु. से अधिक परंतु 100.00 लाख रु. से कम और स्वीकृत प्रावधान का 10 प्रतिशत से लेकर 59 प्रतिशत तक अधिक थी।

3.(I) उपर्युक्त बचतें पुनर्विनियोग द्वारा प्रावधान को बढ़ाने के लिए आंशिक रूप से (10169.98 लाख रु.) प्रयुक्त हो गईं जैसा कि मुख्य शीर्ष ''2230'' के अंतर्गत निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत दिसंबर, 2009 और मार्च, 2010 में 3.00 लाख रु. का सांकेतिक पूरक अनुदान प्राप्त करते समय संसद को पहले ही सूचित कर दिया गया था:-

(का) ''श्रम'' -

(क) ''अनुसंधान और सांख्यिकी - अनुसंधान और सांख्यिकी के अंतर्गत योजना स्कीमें'' - 279.00 लाख रु.। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय 254.10 लाख रु. था।

(ख) ''बीड़ी कामगार कल्याण निधि - शिक्षा'' - 3678.15 लाख रु.। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय 3482.92 लाख रु. था।

(ग) ''श्रमिक शिक्षा - केंद्रीय कामगार शिक्षा बोर्ड को अनुदान'' - 1180.00 लाख रु.।

(खा) ''प्रशिक्षण - अन्य व्यय - कौशल विकास पहल'' - 5032.83 लाख रु.। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय 4973.79 लाख रु. था।

(II) बचतें मुख्य शीर्ष ''2230'' - ''श्रम'' के अंतर्गत निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत अधिक व्यय द्वारा भी प्रतिसंतुलित हो गईं:-

(V) Under Major Head "3601" – "Grants for Centrally Sponsored Plan Schemes – Training Grants – Training of Craftsmen and Supervisors – Other Schemes" – saving of Rs.1636.42 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.22208.00 lakhs) was due to receipt of less/incomplete proposals from State Governments.

(VI) Under seven heads savings of Rs.473.39 lakhs occurred, each exceeding Rs.50.00 lakhs but not exceeding Rs.100.00 lakhs and constituting more than 10 percent to 59 percent of the sanctioned provision.

3.(I) The above savings were partly (Rs.10169.98 lakhs) utilised for augmenting the provision by re-appropriation as already reported to Parliament while obtaining token supplementary grant of Rs.3.00 lakhs in December, 2009 and March, 2010 under Major Head "2230" – under the following heads:-

(A) "Labour" –

(a) "Research and Statistics – Plan Schemes under Research and Statistics" – Rs.279.00 lakhs. Actual excess, however, was Rs.254.10 lakhs.

(b) "Beedi Workers Welfare Fund – Education" – Rs.3678.15 lakhs. Actual excess, however, was Rs.3482.92 lakhs.

(c) "Labour Education – Grants to Central Board for Worker's Education" – Rs.1180.00 lakhs.

(B) "Training – Other Expenditure – Skill Development Initiative" – Rs.5032.83 lakhs. Actual excess, however, was Rs.4973.79 lakhs.

(II) Savings were also offset by excess under Major Head "2230" – "Labour" – under the following heads:-

(का) ''औद्योगिक संबंध - मुख्य श्रम आयुक्त (मध्य) और क्षेत्रीय श्रम आयुक्तों का सुदृढ़ीकरण'' - 148.38 लाख रु. का अधिक व्यय (350.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) छठे केंद्रीय वेतन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता होने और पूर्वोत्तर क्षेत्रों और सिक्किम के लाभ से संबंधित स्कीमों के उपयोग के लिए निधियों का पुनर्विनियोग मुख्य शीर्ष ''2552'' से कार्यात्मक शीर्षों को किए जाने के कारण हुआ।

(A) "Industrial Relations – Strengthening of Chief Labour Commissioner (Central) and Regional Labour Commissioners" – excess of Rs.148.38 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.350.00 lakhs) was due to requirement of additional funds towards implementation of Sixth Central Pay Commission Report and re-appropriation of funds from Major Head "2552" to functional heads for utilisation on schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim.

(खा) ''बाल/महिला श्रमिकों की कार्य की स्थिति में सुधार - बाल श्रमिक प्रकोष्ठ'' - 523.50 लाख रु. का अधिक व्यय (9000.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ से संबंधित स्कीमों पर उपयोग के लिए निधियों का पुनर्विनियोग मुख्य शीर्ष ''2552'' से कार्यात्मक शीर्षों को किए जाने के कारण हुआ।

(B) "Improvement in Working Condition of Child/Women Labour – Child Labour Cell" – excess of Rs.523.50 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.9000.00 lakhs) was due to re-appropriation of funds from Major Head "2552" to functional heads for utilisation on schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim.

4. अनुदान के पूंजीगत भाग में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत हुईं/हुआ:-

4. In the capital section of the grant, savings/ excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष ''6250'' अन्य सामाजिक सेवाओं के लिए कर्ज | Major Head "6250" Loans for Other Social Services | | | | |
| मू. | O. | 73000.00 | 75001.00 | 75001.00 | . . |
| पु. | R. | 2001.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष ''6552'' उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के लिए कर्ज | Major Head "6552" Loans for North Eastern Areas | | | | |
| मू. | O. | 2001.00 | . . | . . | . . |
| पु. | R. | –2001.00 | | | |

(I) 2008.00 लाख रु. का प्रावधान दो शीर्षों के अंतर्गत पूर्णतया अप्रयुक्त रहा; जिसमें से 2001.00 लाख रु. मुख्य शीर्ष "6552" - "पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए कर्ज - औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संस्थान प्रबंधन समिति को कर्ज - 1396 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का सरकारी निजी भागीदारी के माध्यम से उन्नयन" के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ से संबंधित परियोजनाओं/स्कीमों पर उपयोग के लिए निधियों का पुनर्विनियोग कार्यात्मक शीर्षों को किए जाने के कारण अकेले लेखाबद्ध किए गए।

(II) एक शीर्ष के अंतर्गत 55.73 लाख रु. की बचत हुई जो स्वीकृत प्रावधान का 47 प्रतिशत थी।

5. उपर्युक्त बचतें मुख्य शीर्ष "6250" - "अन्य - औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संस्थान प्रबंधन समिति को कर्ज - 1396 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से उन्नयन" के अंतर्गत अधिक व्यय द्वारा आंशिक रूप से प्रतिसंतुलित हो गईं- 2001.00 लाख रु. का अधिक व्यय (73000.00 लाख रु. के कुल स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ से संबंधित परियोजनाओं/स्कीमों पर उपयोग के लिए निधियों का पुनर्विनियोग मुख्य शीर्ष "6552" से कार्यात्मक शीर्षों को किए जाने के कारण हुआ।

**6. *अभ्रक खान श्रमिक कल्याण निधि:-***

यह निधि अभ्रक खानों में नियोजित श्रमिकों के कल्याण का संवर्धन करने के उपायों के वित्तपोषण के लिए गठित की गई थी। अभ्रक के निर्यात के लिए लगाए गए सीमा शुल्क को संग्रहण प्रभारों को घटाने के बाद निधि में जमा किया जाता है।

*वर्ष 2009-2010 के लिए निधि का लेखा निम्न प्रकार था:-*

(I) Provision of Rs.2008.00 lakhs remained wholly unutilised under two heads; of these Rs.2001.00 lakhs alone accounted for under Major Head "6552" – "Loans for North Eastern Areas – Loans to Institute Management Committee (IMC) of the ITI s – Upgradation of 1396 Govt. I.T.I.s through Public Private Partnership" – due to re-appropriation of funds to functional heads for utilisation on projects/schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim.

(II) Under one head saving of Rs.55.73 lakhs occurred constituting 47 percent of the sanctioned provision.

5. The above savings were partly offset by excess under Major Head "6250" – "Others – Loans to Institute Management Committee (IMC) of the ITIs – Upgradation of 1396 Govt. ITIs through Public Private Partnership" – excess of Rs.2001.00 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.73000.00 lakhs) was due to re-appropriation of funds from Major Head "6552" to functional heads for utilisation on projects/schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim.

**6. *Mica Mines Labour Welfare Fund:-***

The Fund was constituted for financing measures for promotion of Welfare of Labour employed in Mica Mines. Custom duties levied on export of Mica are credited to the Fund after deducting collection charges.

*The Account of the Fund for 2009 – 2010 was as follows:-*

(हजार रुपयों में)
(In thousands of rupees)

| | | |
|---|---|---|
| अथशेष | Opening Balance | 5,13,95 |
| प्राप्तियां | Receipts | 3,50,26 |
| अदायगियां | Payments | 2,12,14 |
| अंतशेष | Closing Balance | 6,52,07 |

### *7. लौह अयस्क, मैंगनीज अयस्क और क्रोम अयस्क खान श्रमिक कल्याण निधि:-*

यह निधि मूल रूप से लौह अयस्क खान श्रमिक और कल्याण उपकर अधिनियम, 1961 के अधीन राज्य सरकारों और खान प्रबंधकों की सहायता करने के लिए लौह अयस्क खनिजकों की जीवन-यापन स्थितियों को सुधारने के लिए गठित की गई थी। इस अधिनियम को लौह अयस्क खान और मैंगनीज अयस्क खान श्रमिक कल्याण निधि अधिनियम, 1976 जो 1 सितम्बर, 1978 से प्रवृत्त है, द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। लौह अयस्क खान और मैंगनीज अयस्क खान श्रमिक कल्याण संगठन इस निधि में से श्रमिकों और उनके आश्रितों को सुविधाएं प्रदान करता है। इस निधि का वित्तपोषण उपकर लगाकर किया जाता है।

*वर्ष 2009-2010 के लिए निधि का लेखा निम्न प्रकार था:-*

### *7. Iron Ore Mines, Manganese Ore and Chrome Ore Mines Labour Welfare Fund:-*

The Fund was originally constituted under the Iron Ore Mines Labour and Welfare Cess Act, 1961 to help the State Governments and the Mines Management to improve the living conditions of the Iron Ore Miners. This Act has been replaced by Iron Ore Mines and Manganese Ore Mines Labour Welfare Fund Act, 1976 which came into force with effect from 1st September, 1978. The Iron Ore Mines and Manganese Ore Mines Labour Welfare Organisation provides for Welfare amenities out of this fund to the workers and their dependents. This Fund is financed by the levy of cess.

*The Account of the Fund for 2009 – 2010 was as follows:-*

(हजार रुपयों में)
(In thousands of rupees)

| | | |
|---|---|---|
| अथशेष | Opening Balance | 166,26,86 |
| प्राप्तियां | Receipts | 10,78,07 |
| अदायगियां | Payments | 13,72,38 |
| अंतशेष | Closing Balance | 163,32,55 |

### *8. बीड़ी कामगार कल्याण निधि:-*

यह निधि बीड़ी कामगार कल्याण निधि अधिनियम, 1976 के अधीन बीड़ी विनिर्माण में लगे व्यक्तियों तथा उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी क्रियाकलापों का वित्तपोषण करने के लिए गठित की गई थी। बीड़ी कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1976 के अधीन बीड़ियों के विनिर्माण के संबंध में किसी भी प्रयोजन के लिए भांडागारों से किसी व्यक्ति को दिए गए तम्बाकू पर उपकर लगाकर निधि को वित्त पोषित किया जाता था। इस उपकर को वित्त अधिनियम, 1979 के अधीन मार्च, 1979 से हटा दिया गया था परन्तु बीड़ी कर्मकार कल्याण उपकर (संशोधन अधिनियम, 1981) के अंतर्गत इसे 1 जनवरी, 1982 से फिर से लगा दिया गया है।

### *8. Beedi Workers Welfare Fund:-*

The Fund was constituted under the Beedi Workers Welfare Fund Act, 1976 for financing welfare activities of persons and their dependents engaged in Beedi manufacturing. The fund was financed by the levy of cess collected under Beedi Workers Cess Act, 1976 on tobacco issued to the persons from warehouses for any purpose in connection with manufacture of Beedi. This cess was abolished with effect from March, 1979 under the Finance Act, 1979 but was levied again with effect from Ist January, 1982 under the Beedi Workers Welfare Cess (Amendment Act, 1981).

*वर्ष 2009-2010 के लिए निधि का लेखा निम्न प्रकार था:-*

*The Account of the Fund for 2009 – 2010 was as follows:-*

(हजार रुपयों में)
(In thousands of rupees)

| | | |
|---|---|---|
| अथशेष | Opening Balance | –53,51,48 |
| प्राप्तियां | Receipts | 168,23,38 |
| अदायगियां | Payments | 262,61,82 |
| अंतशेष | Closing Balance | –147,89,92 |

**9. *चूना पत्थर और डोलोमाइट खान श्रमिक कल्याण निधि:-***

यह निधि चूना पत्थर और डोलोमाइट खान श्रमिक कल्याण निधि अधिनियम, 1972 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अधीन गठित की गई थी, जिसमें बेचे गए या किसी कारखाने के दखलकार को अन्य रूप से दिए गए किसी खान में उत्पादित चूना पत्थर और डोलोमाइट पर उपकर के उद्ग्रहण और संग्रहण की व्यवस्था है जो कि खान मालिक द्वारा स्वयं अपनी फैक्टरी में किसी भी प्रयोजन के लिए उपयोग किया जाता है। संग्रहित उपकर को चूना पत्थर और डोलोमाइट खानों में नियोजित व्यक्तियों के कल्याण का संवर्धन करने संबंधी क्रियाकलापों का वित्तपोषण करने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

*वर्ष 2009-2010 के लिए निधि का लेखा निम्न प्रकार था:-*

**9. *Limestone and Dolomite Mines Labour Welfare Fund:-***

The Fund was constituted under the Limestone and Dolomite Mines Labour Welfare Fund Act, 1972 and rules framed there under, which provides for levy and collection of Cess on Limestone and Dolomite produced in any mines, is sold or otherwise disposed off to the occupier of any factory or used by mine owner himself in his own factory for any purpose. The cess collected is utilised for financing of activities to promote the welfare of persons employed in Limestone and Dolomite Mines.

*The Account of the Fund for 2009 – 2010 was as follows:-*

(हजार रुपयों में)
(In thousands of rupees)

| | | |
|---|---|---|
| अथशेष | Opening Balance | 82,43,67 |
| प्राप्तियां | Receipts | 6,19,02 |
| अदायगियां | Payments | 12,55,61 |
| अंतशेष | Closing Balance | 76,07,08 |

**10. *सिनेमा कामगार कल्याण निधि:-***

यह निधि सिनेमा कर्मकार कल्याण निधि अधिनियम, 1981 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अधीन गठित की गई थी, जिसमें उपकर के उद्ग्रहण तथा संग्रहण की व्यवस्था की गई है। संग्रहित उपकर का उपयोग सिनेमा कामगारों के कल्याणकारी उपायों के लिए किया जाता है।

**10. *Cine Workers Welfare Fund:-***

The Fund was constituted under the Cine Workers Welfare Fund Act, 1981 and rules framed thereunder, which provides for levying and collection of Cess. Cess collected is utilised for the welfare measures of Cine Workers.

*वर्ष 2009-2010 के लिए निधि का लेखा निम्न प्रकार था:-*

*The Account of the Fund for 2009 – 2010 was as follows:-*

(हजार रुपयों में)
(In thousands of rupees)

| | | |
|---|---|---|
| अथशेष | Opening Balance | 3,27,96 |
| प्राप्तियां | Receipts | 1,29,40 |
| अदायगियां | Payments | 1,70,45 |
| अंतशेष | Closing Balance | 2,86,91 |